नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

**महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय**

**जंगल धूसड़, गोरखपुर**

7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 31-10-2019

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी. जी. कालेज जंगल धूसड़, गोरखपुर में हिन्दी विभाग द्वारा **'हिन्दी की ध्वनियां एवं उच्चारण स्थान'** विषय पर विशिष्ट व्याखान आयोजित किया गया। हिन्दी ध्वनियों की विकास परम्परा यूँ तो यूरोपीय भाषा से प्रारम्भ होती है। किन्तु यहाँ हम उतने पीछे न जाकर वैदिक संस्कृत से ही देख रहे। विद्वानों ने ध्वनि को शब्दों के गुण के रूप में चित्रित किया है। वे ध्वनि समूह जो पदधि आदि का ज्ञान कराते है, शब्द है। ध्वनियाँ शब्द को प्रकाशित करती है। ध्वनि दीपक तुल्य है, प्रकाश नहीं। ध्वनि का जन्मदाता शब्द है, ध्वनि शब्द की व्यंजना करती है। उक्त बातें जवाहर स्मारक पी. जी. कालेज महाराजगंज के सहायक आचार्य **डॉ. विजय आनन्द मिश्र** के द्वारा कहीं गयी।

आपने ध्वनि की व्याख्या करते हुए कहा कि वैज्ञानिक दृष्टि से ध्वनि वायुमण्डलीय दबाव में परिवर्तन या उतार–चढ़ाव का नाम है। हिन्दी ध्वनियाँ स्वर, व्यंजन के विभक्त करते हुए निर्माण प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। हिन्दी स्वरों की संरचना उच्चारण स्थान, हिन्दी स्वरों का वर्गीकरण एवं उसका आधार संयुक्त स्वर तथा उच्चारण स्थान और ध्वनियों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए।

इस कार्यक्रम की प्रस्ताविकी डॉ. सुधा शुक्ला तथा अतिथि को उत्तरीय एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित एवं आभार ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सिंह ने किया। हिन्दी विभाग के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

महाराणा प्रताप पी. जी. कालेज, जंगल धूसड़ गोरखपुर में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयन्ती के अवसर पर बी.एड. विभाग में द्वारा **'राष्ट्रीय एकता'** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.एड्. प्रथम वर्ष एवं बी.एड्. द्वितीय वर्ष के 40 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम स्थान पर बी.एड्. प्रथम वर्ष के छात्र माधवेन्द्र त्रिपाठी, द्वितीय स्थान पर बी. एड्. द्वितीय वर्ष के अविनाश कुमार शर्मा एवं तृतीय स्थान पर बी.एड् प्रथम वर्ष की हर्षा गुप्ता रहीं।

इस निबन्ध प्रतियोगिता का संयोजन दीप्ती गुप्ता एवं डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह, श्रीमती साधना सिंह, सुश्री रचना सिंह, श्रीमती पुष्पा निषाद, श्रीमती विभा सिंह, सुश्री श्वेता चौबे, श्री नवनीत कुमार सिंह, श्री जितेन्द्र प्रजापति, श्री शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी